खाटू की गलियां

खाटू की गलियां,
सुन भूलूंगा ना श्याम,
खाटू की गलियां,
सुन भूलूंगा ना श्याम,
चाहे जाए माया,
चाहे जाए मेरे प्राण,
खाटू की गलियां,
सुन भूलूंगा ना श्याम॥

जब जब भी मैं खाटू आया,
तूने लाज बचाई,
हार चूका था इस दुनियां में,
तूने जीत दिलाई,
बाबा, तूने जीत दिलाई,
तेरे इन बाणों ने,
कर दिया मेरा काम,
खाटू की गलियां,
सुन भूलूंगा ना श्याम॥

जब जब भी निशान उठाया,
तूने साथ निभाया,
बिन माँगे सुन ए मेरे बाबा,
सबकुछ तुमसे पाया,
बाबा सबकुछ तुमसे पाया,
अब ना कोई दरकार है मेरी,
रख ले अपने पास,
खाटू की गलियां,
सुन भूलूंगा ना श्याम॥

जिस जिस को मैंने अपना समझा,
उसने सुन ठुकराया,
बिन सोचे समझे मेरे बाबा,
है तूने अपनाया मुझको,
सोनी की इस अरज को बाबा,
कर लेना स्वीकार,
खाटू की गलियां,
सुन भूलूंगा ना श्याम,
चाहे जाए माया,
चाहे जाए मेरे प्राण,
खाटू की गलियां,
सुन भूलूंगा ना श्याम॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23680/title/khatu-ki-galiyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |